रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 180] नई दिल्ली शुक्रवार, जून 28, 2013/आषाढ 7, 1935

No. 180] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 28, 2013/ASADHA 7, 1935

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 जून, 2013

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (तकनीकी शिक्षा में मिश्रित अधिगम पद्धति के लिए अनुमोदन की मंजूरी) विनियम, 2013

एफ.सं. 37–3/विधि/अभातषिप/2013.—अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 का 52) की धारा 10 और धारा 11 के साथ पठित धारा 23 की उप–धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए तकनीकी शिक्षा में मिश्रित अधिगम पद्धति के संचालन हेतु नई तकनीकी संस्थाएं आरंभ करने तथा विद्यमान तकनीकी संस्थाओं को अनुमोदन की मंजूरी देने हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् निम्नलिखित विनियम बनाती है :–

1. **संक्षिप्त नाम, प्रयोज्यता और प्रारंभ :**

1.1 इन विनियमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (तकनीकी शिक्षा में मिश्रित अधिगम पद्धति के लिए अनुमोदन की मंजूरी) विनियम, 2013 कहा जाएगा।

1.2 ये मिश्रित अधिगम पद्धति (बी.एल.एम.) में तकनीकी शिक्षा संचालित कर रही और/अथवा तकनीकी शिक्षा का संचालन करने की इच्छुक तकनीकी संस्थाओं तथा ऐसे अन्य कार्यक्रमों और क्षेत्रों पर लागू होंगे, जैसाकि परिषद् द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाएगा।

1.3 ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं :**

इन विनियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

2.1 "शैक्षणिक वर्ष" से अभिप्रेत है संबंधित संबद्धक विश्वविद्यालय और/अथवा तकनीकी संस्था का शैक्षणिक वर्ष।

2.2 "अधिनियम" से अभिप्रेत है अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 का 52)।

2.3 "अभातशिप के वेब–पोर्टल" से अभिप्रेत है यूआरएल www.aicte-india.org पर परिषद् द्वारा होस्ट की गई वेबसाइट।

2.4 "आवेदक" से अभिप्रेत है ऐसा आवेदक जो इन विनियमों के अंतर्गत किसी भी प्रकार का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए परिषद् को आवेदन करता है।

2.5 ''अनुमोदित संस्था'' से अभिप्रेत है परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था।

2.6 "मिश्रित अधिगम पद्धति" से अभिप्रेत है कक्षा में मुक्त दूरस्थ अधिगम (ओ.डी.एल.) पद्धति के माध्यम से कराये जाने वाले अधिगम कार्यकलाप और पारंपरिक नियमित पद्धति के माध्यम से प्रयोगशाला, प्रयोगों एवं कार्यशाला इत्यादि कार्य, जहां कि संस्थान में विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा उनका परीक्षा देना आवश्यक है और ये केवल कार्यरत वृत्तिकों के लिए हैं, जिनके पास कुछ न्यूनतम कार्य अनुभव हो।

2.7 "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा (4)(क) के अंतर्गत यथावर्णित परिषद् का अध्यक्ष।

2.8 "कम्पनी" से अभिप्रेत, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गयी कम्पनी से है।

2.9 "दाखिले के लिए सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है ऐसा निकाय, जो संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में तकनीकी संस्थाओं में दाखिले के लिए उत्तरदायी है।

2.10 "परिषद" से अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अभिप्रेत है।

2.11 "पाठ्यक्रम" से कार्यक्रम में शिक्षण की शाखाओं की कोई शाखा अभिप्रेत है, जिसमें दोहरी डिग्री पाठ्यक्रम तथा एकीकृत पाठ्यक्रम शामिल हैं।

2.12 "प्रभाग" से अभिप्रेत है :–

इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी/भेषजी/होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी/अनुप्रयुक्त कला और शिल्प/वास्तुकला/नगर आयोजना में स्नातकपूर्व कार्यक्रम, डिप्लोमा तथा पीजीडीएम/एमबीए/एमसीए में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में साठ सीटों का बैच, जिसमें अतिरिक्त सीटें, यदि कोई हों, शामिल नहीं हैं;

इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी/भेषजी/होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी/अनुप्रयुक्त कला और शिल्प/वास्तुकला/नगर आयोजना में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में अधिकतम तीस सीटों का बैच ।

2.13 ''ई–बैंकिंग'' से अभिप्रेत है इंटरनेट बैंकिंग।

2.14 "ई–रसीद" से अभिप्रेत है परिषद् के वेब–पोर्टल पर इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग करते हुए किए गए भुगतान की प्राप्त हुई भुगतान–रसीद।

2.15 "कार्यकारिणी समिति" से अभिप्रेत है परिषद् द्वारा अभातशिप अधिनियम की धारा 12 के अधीन गठित समिति।

2.16 "विदेशी राष्ट्रिक" से अभिप्रेत है भारत के अतिरिक्त सभी देशों के नागरिक, जो भारतीय मूल के नहीं हैं, जैसाकि पीआईओ के अधीन परिभाषित है।

2.17 "सरकार द्वारा सहायता प्राप्त संस्था" से अभिप्रेत है ऐसी तकनीकी संस्था, जो अपने आवर्ती व्यय के 50 प्रतिशत अथवा अधिक भाग की पूर्ति सरकार अथवा सरकारी संगठनों से प्राप्त अनुदान से करती है।

2.18 "सरकारी संस्था" से अभिप्रेत है सरकार द्वारा स्थापित और/अथवा अनुरक्षित तकनीकी संस्था।

2.19 ''संस्था का प्रमुख'' से अभिप्रेत है किसी विश्वविद्यालय अथवा मानित विश्वविद्यालय के मामले में कुलपति/निदेशक; प्राचार्य, निदेशक अथवा निर्दिष्ट तकनीकी संस्था के कार्यकारी संस्था प्रमुख के रूप में कोई अन्य पदधारी।

2.20 "अनिवासी भारतीय (एनआरआई)'' से अभिप्रेत है ऐसा भारतीय नागरिक, जो सामान्यतया भारत से बाहर रहता है और भारतीय पासपोर्ट धारण करता है।

2.21 "भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ)'' से अभिप्रेत हैं ऐसे व्यक्ति, जो अन्य देशों के नागरिक हैं (पाकिस्तान एवं बंगलादेश को छोड़कर), जिन्होंने किसी भी समय भारतीय पासपोर्ट धारण किया है, अथवा जो, या उनके

IndiaCode

माता–पिता अथवा उनके दादा–दादी, नाना–नानी में से कोई भारत के संविधान के उपबंधों अथवा नागरिकता अधिनियम, (1955 का 57) की धारा 2(ख) के उपबंधों के परिणामस्वरूप भारत के नागरिक थे।

2.22 "निजी स्व–वित्तपोषित संस्था" से अभिप्रेत है किसी सोसाइटी/न्यास/कंपनी द्वारा शुरू की गई कोई संस्था, जो अपने आवर्ती व्यय की पूर्ति के लिए केन्द्रीय और/अथवा राज्य सरकार और/अथवा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से अनुदान/निधि प्राप्त नहीं करती है।

2.23 ''कार्यक्रम'' से अभिप्रेत है तकनीकी शिक्षा का क्षेत्र, अर्थात इंजीनियरी, प्रौद्योगिकी, एमसीए, वास्तुकला, नगर आयोजना, प्रबंधन–एमबीए, प्रबंधन–पीजीडीएम, भेषजी, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी, अनुप्रयुक्त कला एवं शिल्प अथवा ऐसे अन्य कार्यक्रम और विषय–क्षेत्र जो परिषद् द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए जाएं।

2.24 "क्षेत्रीय समिति" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत स्थापित क्षेत्रीय समिति।

2.25 "द्वितीय पाली" से अभिप्रेत है वह समयावधि, सामान्यतः दोपहर 1 बजे से सांय 9:00 बजे तक, जिसमें तकनीकी संस्था के शैक्षणिक क्रियाकलाप संचालित किए जाते हैं।

2.26 "सोसाइटी" से अभिप्रेत है सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी।

2.27 "न्यास" से अभिप्रेत है परोपकारी न्यास अधिनियम, 1950 अथवा कोई अन्य प्रासंगिक अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत न्यास।

2.28 इसमें प्रयुक्त अन्य सभी शब्दों एवं अभिव्यक्तियों, जिन्हें यहां परिभाषित नहीं किया गया है, परन्तु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 का 52) में परिभाषित किया गया है, का वही तात्पर्य होगा, जो उन्हें क्रमशः उक्त अधिनियम में निर्दिष्ट किया गया है।

2.29 अंशकालिक कार्यक्रमों से अभिप्रेत है कि सांय 5:30 से सांय 9:30 तक (सप्ताह में छः दिन) संचालित किये जाने वाले क्रियाकलाप, जो कि ऐसे स्थानों पर चलाए जाते हैं, जहां पर पहले से ही पहली/सामान्य पाली चलाई जा रही हो तथा यह केवल कार्यरत वृत्तिकों अथवा कम से कम दो वर्ष का कार्य अनुभव रखने वाले वृत्तिकों के लिए ही होगी।

3. तकनीकी संस्थाओं के प्रवर्त्तक

3.1 कोई तकनीकी संस्था निम्नलिखित द्वारा स्थापित और प्रशासित की जाएगी :–

क) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत कोई सोसाइटी।

ख) परोपकारी न्यास अधिनियम 1950 अथवा किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कोई न्यास।

ग) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित कम्पनी।

घ) अधिनियम की उपधारा 2.7 में अनुबन्धित कम्पनी, जिनकी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से शेयर होल्डर के रूप में कोई भी विदेशी भागीदारी है, को शिक्षण संस्था स्थापित करने हेतु आवेदन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ड़) केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन अथवा उनके द्वारा पंजीकृत सोसायटी अथवा न्यास (ट्रस्ट) अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित कम्पनी अथवा सार्वजनिक–निजी भागीदारी व्यवस्था के अंतर्गत अथवा निर्मित प्रचालित एवं स्थानान्तरण (बी.ओ.टी.) नीति के अधीन।

4. तकनीकी संस्थाओं/पॉलिटैक्निकों (डिप्लोमा प्रदान करने वाली तकनीकी संस्था) में मिश्रित अधिगम पद्धति में तकनीकी शिक्षा के संचालन के लिए अनुमोदन की मंजूरी

4.1 तकनीकी संस्थाओं और/अथवा पॉलिटैक्निक (डिप्लोमा प्रदान करने वाली तकनीकी संस्था) के सभी प्रवर्त्तकों को निम्न के लिए परिषद् का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा :–

क) कोई नई तकनीकी संस्था/पॉलिटैक्निक (डिप्लोमा प्रदान करने वाली तकनीकी संस्था) स्थापित करना अथवा मिश्रित अधिगम पद्धति में तकनीकी शिक्षा के संचालन के लिए तकनीकी संस्था स्थापित करना।

4.2 विद्यमान तकनीकी संस्थाओं/पॉलिटैक्निकों (डिप्लोमा प्रदान करने वाली तकनीकी संस्था) को निम्न के लिए परिषद् का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगाः

क) मिश्रित अधिगम पद्धति में तकनीकी शिक्षा के नए पाठ्यक्रम(ओं), प्रभाग(ओं), कार्यक्रम(ओं) को शुरू करना।

4.3 परिषद्, समय–समय पर, अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका प्रकाशित करेगी, जिसमें मिश्रित अधिगम पद्धति में तकनीकी शिक्षा संचालित करने वाली संस्थाओं और/अथवा प्रवर्त्तकों के आवेदनों के प्रक्रमण के लिए पद्धति तथा अनुमोदन की शर्तों का विवरण दिया जाएगा।

4.4 इन विनियमों के खंड 4.1 (क) के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रयोजनों के लिए अनुमोदन हेतु आवेदन निम्न द्वारा किए जाएंगे :–

क) सोसाइटी/न्यास के मामले में अध्यक्ष अथवा सचिव ;

ख) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी के मामले में प्रबन्ध निदेशक अथवा कोई प्राधिकृत अधिकारी ;

ग) केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के मामले में संबंधित केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा प्राधिकृत किया गया कोई अधिकारी अथवा उनके द्वारा सार्वजनिक–निजी भागीदारी व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत, कोई सोसाइटी अथवा न्यास अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित कम्पनी, जैसा भी मामला हो।

4.5 इन विनियमों के खंड 4.2 (क) के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रयोजनों के लिए अनुमोदन हेतु आवेदन तकनीकी संस्था के प्राचार्य/निदेशक अथवा संस्था के प्रमुख अथवा ऐसी संस्था के प्रवर्त्तक द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

4.6 आवेदन का प्रपत्र तथा आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज तथा प्रेषित किया जाने वाला शुल्क, वह रीति जिसके द्वारा आवेदनों का प्रक्रमण किया जाएगा, मानकों और सन्नियमों, अपेक्षाओं तथा अनुमोदन प्रदान करने के लिए पद्धति को परिषद द्वारा समय–समय पर अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट किया जाएगा।

4.7 आवेदक को 4.1 और 4.2 में सूचीबद्ध प्रयोजनों के लिए आवेदन तथा निर्धारित किए गए शुल्क का भुगतान अभातशिप के वेब–पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अथवा परिषद् द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किसी अन्य तंत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

इस प्रकार के प्रत्येक मामले में, प्रणाली, आवेदन के अनुरूप, एक ट्रैकिंग संख्या प्रदान करेगी, जिसका उपयोग आवेदक द्वारा आगे उल्लेखन करने और संबंधित आवेदन की स्थिति का ऑनलाईन पता लगाने/जांच करने के लिए किया जा सकेगा।

4.8 वेब–पोर्टल पर दिए गए प्रपत्र में, 100/–रू0 के गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी अथवा शपथ आयुक्त के समक्ष विधिवत रूप से शपथ ग्रहण किया गया यह शपथ–पत्र, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ यह कहा गया हो कि आवेदन में दी गई जानकारी सत्य है और यह कि यदि किसी भी अवस्था में यह पाया जाता है कि जानकारी अथवा जानकारी के किसी भाग को छिपाया गया है और/अथवा उसका गलत निर्वचन किया गया है और/अथवा आवेदन में दी गई जानकारी असत्य है, तो परिषद् कोई भी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी, जिसमें अनुमोदन का वापस लिया जाना और/अथवा ऐसी अन्य विधिक कार्रवाई, जो यह उपयुक्त समझे, करना शामिल है।

4.9 (क) खंड 4.2(क) के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा में मिश्रित अधिगम पद्धति से नये पाठ्यक्रम (ओं)/प्रभाग (ओं)/कार्यक्रम (ओं) शुरू करने हेतु आवेदन करने वाली सभी विद्यमान संस्थाएं जब तक अपने आवेदन वेब–पोर्टल पर अंतिम रूप से जमा नहीं कर देती, तब तक वे, संस्थान के लॉगइन के माध्यम से उपलब्ध कमियों/स्थिति रिपोर्ट के आधार पर ऑनलाईन आवश्यक सुधार कर सकती हैं।

यदि प्रणाली द्वारा उत्पादित कमियों की रिपोर्ट में कोई कमी नहीं पाई जाती है तो तभी आवेदन को विशेषज्ञ दौरे हेतु अनुशंसित किया जाएगा।

यदि कोई कमी नहीं पाई जाती है तो अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका के अध्याय I के खण्ड 7.0 के अनुसार प्रणाली द्वारा आवेदित की गई प्रवेश क्षमता का आबंटन किया जाएगा।

सभी संस्थाओं की समेकित सूची उनकी अनुमोदित प्रवेश क्षमता सहित कार्यकारिणी समिति के समक्ष अनुमोदन अथवा अन्य हेतु प्रस्तुत की जाएगी। इसे वेब–पोर्टल पर भी अधिसूचित किया जाएगा। इसके पश्चात् संस्थान अपने लॉगइन के माध्यम से अनुमोदित प्रवेश क्षमता सहित अपने अनुमोदन में विस्तार हेतु पत्र मुद्रित कर सकते हैं।

4.9 (ख) 4.9 (क) में दिए गए आवेदनों के अतिरिक्त सभी आवेदनों का मूल्यांकन, अभातशिप के वेब–पोर्टल द्वारा उपलब्ध कराई गई स्वचालित चयन प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए चयनित किये गये सदस्यों के माध्यम से क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा गठित एक संवीक्षा समिति द्वारा किया जाएगा।

4.10 संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी अथवा परिषद् का कोई अन्य अधिकारी संबंधित समितियों की सहायता करेगा तथा संबंधित समितियों के समक्ष प्रासंगिक अभिलेख और दस्तावेज रखेगा तथा बैठकों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगा; तथापि, वह समितियों का भाग नहीं होगा।

4.11 संवीक्षा समिति, उन आवेदकों को, जिन्होंने खंड 4.1 (क) के अंतर्गत अपने आवेदन प्रस्तुत किए हैं, स्कैन किए गए सभी दस्तावेजों की मूल–प्रतियों तथा नई संस्थाओं के लिए सृजित सभी सुविधाओं की वीडियो सीडी के साथ (यथा प्रकरण), प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित करेगी। आवेदकों द्वारा प्रस्तुतीकरण करने के उपरांत संवीक्षा समिति आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी/दस्तावेजों के आधार पर प्रस्तावों का प्रक्रमण करेगी।

4.2 (क) के अंतर्गत किए गए आवेदनों की संवीक्षा नहीं की जाएगी, इन पर प्रक्रमण स्वतः–प्रकटीकरण के आधार पर किया जाएगा।

4.12 संवीक्षा समिति की सिफारिशों के आधार पर, संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी आवेदकों को समय–अनुसूची में यथावर्णित तारीख तक कमियाँ, यदि कोई हैं, की सूचना देगा। कमियों की सूची जानकारी के लिए अभातशिप के वेब–पोर्टल पर दर्शाई जाएगी।

4.13 विशेषज्ञ समिति उन संस्थाओं का निरीक्षण करेगी, जिनके आवेदन इन विनियमों के खंड 4.1 (क) तथा खंड 4.2 (क), के संबंध में प्राप्त हुए हैं, जो कि अनुमोदन की मंजूरी हेतु आगे प्रक्रमण के लिये संवीक्षा समिति द्वारा अनुशंसित किये गये हैं।

4.14 राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन तथा संबद्धक विश्वविद्यालय, इन विनियमों के खंड 4.1 और 4.2 के अधीन प्राप्त आवेदनों पर अपने दृष्टिकोण परिषद् के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को अग्रेषित करेंगे, जैसाकि अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट किया गया है।

4.15 इन विनियमों के यथालागू खंड 4.1 और 4.2 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के मामलों में, राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, संबद्धक विश्वविद्यालयों के दृष्टिकोणों पर, यदि वे अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका और विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों में निर्दिष्ट समय–अनुसूची के अनुसार समय पर प्राप्त हो जाते हैं, अनुमोदन की मंजूरी हेतु आगे प्रक्रमण के लिए क्षेत्रीय समिति द्वारा विचार किया जाएगा। यदि राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन तथा संबद्धक विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट समय–अनुसूची में यथाउल्लिखित तारीख तक राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन और/अथवा संबद्धक विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं होते हैं, तो परिषद् अनुमोदन प्रक्रिया को पूर्ण करने पर आगे कार्रवाई करेगी।

4.16 संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी आवेदकों को, जिनके प्रस्तावों पर खंड 4.1 (क) तथा खंड 4.2 (क), में दर्शाए गए अनुमोदन के लिए क्षेत्रीय समिति द्वारा अनुमोदन की मंजूरी के लिए सिफारिश कर दी गई है, अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुरूप वेब–पोर्टल पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार एक शपथ–पत्र के साथ अपेक्षित राशि सदस्य सचिव, अभातशिप के नाम पर जमा करने का अनुरोध करेगा।

4.17 संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी, कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखने के लिए क्षेत्रीय समिति की सिफारिशों को अभातशिप मुख्यालय अग्रेषित करते समय यह सत्यापित करेगा कि संवीक्षा समिति, विशेषज्ञ दौरा समिति तथा क्षेत्रीय समिति द्वारा, इन विनियमों और अनुमोदन प्रक्रिया के अंतर्गत निर्दिष्ट प्रक्रियाओं और मापदण्डों का अनुपालन किया गया है।

अभातशिप मुख्यालय में सम्बन्धित ब्यूरो भी संवीक्षा समिति, विशेषज्ञ दौरा समिति तथा क्षेत्रीय समिति द्वारा विनियमों और अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका के अन्तर्गत निर्दिष्ट प्रक्रियाओं और मापदण्डों के अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में सत्यापन करेगा।

4.18 क्षेत्रीय समिति की सिफारिशें अभातशिप की कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखी जाएंगी। कार्यकारिणी समिति, क्षेत्रीय समिति की सिफारिशों पर विचार करने तथा एक शपथ–पत्र के साथ राशि जमा कर दिए जाने की पुष्टि करने के उपरान्त अनुमोदन की मंजूरी अथवा अन्यथा के लिए अपनी बैठक में निर्णय लेगी।

4.19 परिषद्, स्वयं को इस बात से संतुष्ट कर लेने के पश्चात् कि आवेदक उसके द्वारा निर्दिष्ट सभी मानकों और सन्नियमों की पूर्ति करता है, अपेक्षित अनुमोदन की मंजूरी प्रदान करेगी।

4.20 इसके पश्चात्, कार्यकारिणी समिति के निर्णय के आधार पर अभातशिप द्वारा अभिहित प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पत्र अथवा अस्वीकृति पत्र जारी किया जाएगा। एक समय में अधिकतम 2 वर्ष की अवधि के लिए ही अनुमोदन पत्र जारी किया जाएगा।

4.21 नई संस्थाएं, जिन्हें अनुमोदन–पत्र प्रदान किया गया है तथा विद्यमान संस्थाएं, जिन्हें नए पाठ्यक्रम (ओं), प्रभाग (ओं), कार्यक्रम (ओं), के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है, न्यूनतम अर्हताओं तथा वेतनमान के सम्बन्ध में बनाई गई नीति, परिषद् द्वारा निर्दिष्ट मानकों के अनुसार, शिक्षण कर्मियों तथा प्राचार्य/निदेशक (यथा प्रकरण) और अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट अनुसूची के अनुसार अन्य तकनीकी सहायक स्टाफ और प्रशासनिक स्टाफ की नियुक्ति का अनुपालन करेंगी।

अल्पसंख्यक संस्थाओं को छोडकर, शेष सभी शिक्षण संस्थाएं शिक्षण कर्मियों /प्राचार्य/निदेशक तथा अन्य तकनीकी सहायक स्टाफ और प्रशासनिक स्टाफ की नियुक्ति पूर्णतयः सम्बन्धित विश्वविद्यालय की पद्धति तथा प्रक्रिया (विशेषतयः चयन प्रक्रिया एवं चयन समिति के सम्बन्ध में) के अनुरूप ही करेंगी।

स्टाफ की इन नियुक्तियों के बारे में सूचना, निर्धारित प्रपत्र पर अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट अनुसूची के अनुसार अभातशिप के वेब–पोर्टल पर भी अपलोड की जाएगी।

किन्हीं भी परिस्थितियों में शिक्षण कर्मियों तथा अन्य स्टाफ की अपेक्षित नियुक्ति किए बिना, संस्थाएं अनुमोदित तकनीकी पाठ्यक्रम शुरू नहीं करेंगी।

4.22 इन विनियमों के खंड 4.1 और 4.2 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का प्रक्रमण अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में विनिर्दिष्ट पद्धतियों, मानकों एवं सन्नियमों तथा अनुसूची के अनुसार परिषद् द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए गए अनुसार किया जाएगा।

4.23 आवेदक तकनीकी संस्था के नाम का इस प्रकार प्रयोग नहीं करेंगे, जिससे कि तकनीकी संस्था के नाम का संक्षिप्त रूप आईआईएम अथवा आईआईटी अथवा आईआईएससी अथवा एनआईटी अथवा एआईसीटीई अथवा यूजीसी अथवा एमएचआरडी अथवा जीओआई बनता हो। आवेदक सरकार, भारत, भारतीय, राष्ट्रीय, अखिल भारतीय, अखिल भारतीय परिषद्, आयोग शब्दों का अथवा संप्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग का निवारण) अधिनियम, 1950 के अंतर्गत निषिद्ध अन्य नामों का प्रयोग तकनीकी संस्था के नाम में कही भी नहीं करेगा। परंतु यह भी कि, उपर्युक्त प्रतिबंध उस दशा में लागू नहीं होंगे, यदि तकनीकी संस्था भारत सरकार द्वारा स्थापित की गई है अथवा इसका नाम भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।

4.24 किसी भी स्थिति में अभातशिप के पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना तथा संबंधित विश्वविद्यालय/तकनीकी बोर्ड की सम्बद्धता प्राप्त किए बिना, किसी भी तकनीकी संस्था को काऊसलिंग तथा प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने तथा विद्यार्थियों को प्रवेश देने की अनुमति नहीं होगी।

4.25 संबद्धक विश्वविद्यालय ऐसी तकनीकी संस्थाओं में दाखिल विद्यार्थियों का नामांकन नहीं करेगा, जिनके पास परिषद् का अपेक्षित अनुमोदन नहीं है।

4.26 संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन परिषद् के अपेक्षित अनुमोदन के बिना किसी तकनीकी संस्था को विद्यार्थियों के दाखिले के लिए अनुमति नहीं देगी।

4.27 आवेदक प्रवर्त्तकों/तकनीकी संस्थाओं से परिषद् को विभिन्न प्रयोजनों के लिए अपेक्षित जानकारी तथा दस्तावेज सही तथा पूर्ण प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। यदि, दी गई जानकारी अथवा परिषद् को प्रदान किए गए दस्तावेज गलत, अपूर्ण पाए जाते हैं, और/अथवा आवेदक प्रवर्त्तक/तकनीकी संस्थाएं वास्तविक जानकारी को प्रकट करने में असफल रहती हैं और/अथवा उन्होंने जानकारी छिपाई है/उसका गलत निर्वचन किया है, तो परिषद् इस संबंध में कार्रवाई करेगी, जिसमें अनुमोदन वापस लेना और/अथवा ऐसी अन्य कार्रवाई करना शामिल है, जो, आवेदक प्रवर्त्तकों/तकनीकी संस्थाओं के विरूद्ध किए जाने के लिए आवश्यक समझी जाए।

4.28 अभातशिप, ऐसे मामलों में, जहां दस्तावेजों के गलत होने, गलत निर्वचन किए जाने, मानकों और सन्नियमों के उल्लंघन, कदाचार की विशिष्ट शिकायतें हैं, तारीखों को अधिसूचित करके अथवा इसके बिना, समय–समय पर निरीक्षण भी कर सकेगी तथा उपयुक्त कार्रवाई कर सकेगी, जिसमें अनुमोदन वापस लेना तथा ऐसी अन्य कार्रवाई शामिल है, जो, यथा प्रकरण, आवेदक प्रवर्त्तकों/तकनीकी संस्थाओं के विरूद्ध किए जाने के लिए आवश्यक समझी जाए।

4.29 तकनीकी संस्था द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के पास जमा की गई राशि को दस वर्ष की अवधि के पश्चात् ही वापिस लिए जाने की अनुमति दी जाएगी तथापि, किसी मानक, शर्त और अपेक्षा के किसी उल्लंघन और/अथवा संस्था द्वारा गैर–निष्पादन और/अथवा संस्था के विरूद्ध शिकायतों के मामले में, जमा की अवधि, मामला–दर–मामला आधार पर यथानिर्णित, आगे और अवधि के लिए बढ़ाई जा सकती है और/अथवा उसे जब्त किया जा सकता है।

4.30 इन विनियमों के खण्ड 4.28 और 4.29 के अधीन विद्यमान पाठ्यक्रमों के अनुमोदन के विस्तार अथवा अनुमोदन के विस्तार की मंजूरी से इंकार किए जाने के मामले में, ऐसी संस्थाओं से इन विनियमों के खण्ड 4.1 और 4.2 में ऊपर उल्लिखित किसी प्रयोजन के लिए अनुमोदन हेतु प्राप्त किसी आवेदन पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा, जब तक ऐसी कार्रवाई का निपटारा न कर लिया गया हो तथा प्रवर्त्तकों/संस्थाओं को उल्लंघनों के आरोपों से मुक्त न कर दिया गया हो।

4.31 संबद्धक विश्वविद्यालय ऐसी संस्थाओं के छात्रों को, जिसके कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों को परिषद् द्वारा समाप्त कर दिया गया है अथवा जिनका अनुमोदन वापस ले लिया गया है अथवा जिन्हें निलंबित कर दिया गया है, उसके साथ संबद्ध अन्य निकटवर्ती अभातशिप अनुमोदित तकनीकी संस्थाओं में स्थानान्तरित करेगा और परिषद् स्थानान्तरित हुए छात्रों को, उनके कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों की समाप्ति तक, ऐसी संस्थाओं में उपयुक्त रूप से खपाने के लिए ऐसी संस्थाओं में अतिरिक्त सीटों की अनुमति देगी।

4.32 परिषद् के अनुमोदन के बिना तकनीकी कार्यक्रम/पाठ्यक्रम प्रदान करने वाली किसी भी संस्था को गैर–अनुमोदित घोषित किया जाएगा, यदि वह :–

क) परिषद् के अनुमोदन के बिना आरंभ हुई है।

ख) किसी अस्थायी स्थान/या ऐसे स्थान पर कार्य कर रही है, जिसे परिषद् द्वारा अनुमोदन नहीं दिया गया है।

ग) परिषद् द्वारा "गैर–अनुमोदित" घोषित की गई है।

परंतु आगे यह भी कि, अस्थायी स्थानों और परिषद् द्वारा गैर–अनुमोदित स्थानों पर तकनीकी शिक्षा में पाठ्यक्रम/कार्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाएं उन्हें बंद किए जाने के लिए कार्रवाई की दायी होगीं, जिसमें, दोषी सोसाइटियों/न्यासों/ कंपनियों/सहयोजित व्यक्तियों के विरूद्ध, यथा प्रकरण, उपयुक्त कार्रवाई भी शामिल है।

4.33 परिषद् किसी संस्था को कोई सशर्त अनुमोदन नहीं देगी।

4.34 डिप्लोमाधारक तथा बी.एससी. डिग्री धारक द्वितीय वर्ष इंजीनियरी डिग्री पाठ्यक्रमों में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 20 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जबकि अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप, दीव एवं दमन में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 30 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जोकि अनुमोदित प्रवेश क्षमता से अतिरिक्त होगा।

परंतु यह कि, ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने वास्तुकला सहायकवृत्ति तथा नगर आयोजना में डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा किया है, वे द्वितीय वर्ष वास्तुकला डिग्री पाठ्यक्रमों में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 20 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जबकि अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप, दीव एवं दमन में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 30 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जोकि अनुमोदित प्रवेश क्षमता से अतिरिक्त होगा।

परंतु यह और कि, ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने भेषजी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा किया है, वे द्वितीय वर्ष भेषजी डिग्री पाठ्यक्रमों में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 20 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जबकि अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप, दीव एवं दमन में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 30 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जोकि अनुमोदित प्रवेश क्षमता से अतिरिक्त होगा।

परंतु यह भी कि ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने 10+2 स्तर पर अथवा स्नातक स्तर पर गणित पाठ्यक्रम के साथ बी. सी.ए., बी.एस–सी. (आई.टी./कम्प्यूटर साईंस) में न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, वे द्वितीय वर्ष एम.सी.ए. पाठ्यक्रमों में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 20 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जबकि अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप, दीव एवं दमन में संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के अधिकतम 30 प्रतिशत तक प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जोकि अनुमोदित प्रवेश क्षमता से अतिरिक्त होगा।

4.35 कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी अथवा सार्वजनिक–निजी भागीदारी अथवा बी.ओ.टी. मॉडल द्वारा स्थापित कार्यरत् तकनीकी संस्थाएं निम्नलिखित सुनिश्चित करेंगी :–

क) लाभान्वयन हेतु कार्य न करें (लाभार्थ कार्य प्रणाली नहीं)

ख) तकनीकी संस्था के प्रचालन द्वारा सृजित की गई आय को तकनीकी संस्था के कार्यों तथा विकास पर ही खर्च करेंगी।

ग) अप्रत्यक्ष रूप से घृति (होल्डिंग) नहीं होगी।

5. अपीलीय समिति के समक्ष अपील

5.1 परिषद् की कार्यकारिणी समिति के निर्णय से व्यथित किसी संस्था को अपीलीय समिति के समक्ष केवल एक बार अपील करने की अनुमति होगी। अपीलीय समिति का गठन अध्यक्ष, अभातशिप द्वारा किया जाएगा।

5.2 परिषद् का एक अधिकारी अपीलीय समिति के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। संस्था के एक प्रतिनिधि को अपीलीय समिति के समक्ष संस्था का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

5.3 अपीलीय समिति की सिफारिशें अभातशिप की परिषद् के समक्ष रखी जाएंगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा।

5.4 परिषद् का निर्णय, अनुमोदन पत्र अथवा अस्वीकृति पत्र के रूप में अथवा एक उपयुक्त संप्रेषण के रूप में, आवेदक को सूचित किया जाएगा। प्रस्ताव की अस्वीकृति के मामले में, आवेदनकर्ता इस बात के लिए स्वतंत्र होगा कि वह नया आवेदन कर सकता है।

6. भूमि की आवश्यकता

किसी नई तकनीकी संस्था की प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी के पास अपने विधिसम्मत कब्जे में, प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी के नाम पर प्रस्ताव जमा करने की तिथि तक या उससे पूर्व, स्पष्ट हक के साथ, यथाअपेक्षित और निर्दिष्ट भूमि होनी चाहिए।

परंतु यह भी कि, प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी की प्रस्तावित संस्था के लिए यह बात खुली होगी कि वह केवल अनुमोदन पत्र की प्राप्ति के पश्चात् ही उस भूमि पर स्थित तकनीकी शिक्षा संस्था के विकास के प्रयोजनार्थ संसाधन जुटाने के लिए उस भूमि को रेहन रख सकेगी।

7. निदेशक/प्राचार्य और संकाय सदस्यों के संबंध में जानकारी

सभी तकनीकी संस्थाएं उनके निदेशक/प्राचार्य और संकाय सदस्यों के संबंध में जानकारी परिषद् के वेब–पोर्टल पर उपलब्ध प्रपत्र में अपलोड करेंगी तथा समय–समय पर इस सूचना का अद्यतन करती रहेंगी।

8. निर्वचन

इन विनियमों के निर्वचन के संबंध में उठने वाले किसी भी प्रश्न का निर्णय परिषद् द्वारा किया जाएगा तथा परिषद् का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

9. छूट देने की शक्ति

परिषद् अपवादस्वरूप मामलों में, किसी कठिनाई के निवारण के लिए अथवा ऐसे अन्य कारणों से जिन्हें लिखित में अभिलेखित किया जाएगा, संस्था के किसी भी वर्ग अथवा श्रेणी के संबंध में इन विनियमों के किसी भी उपबंध में छूट दे सकेगी।

IndiaCode

10. **अनुमोदन वापस लेना**

यदि कोई तकनीकी संस्था इन विनियमों के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करती है, तो परिषद्, ऐसी जांच करने के पश्चात, जो यह उपयुक्त समझे तथा संबंधित तकनीकी संस्था को सुने जाने का अवसर देने के पश्चात् इन विनियमों के अंतर्गत प्रदान किए गए अनुमोदन को वापस ले सकेगी।

11. **शास्ति**

इन विनियमों के उल्लंघन करते हुए चल रही तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाली कोई संस्था, विधिक सिविल कार्रवाई के लिए दायी होगी, जिसमें अनुमोदन, यदि कोई है, को वापस लिया जाना और/अथवा परिषद् द्वारा, इसके और/अथवा इसकी प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अथवा इससे सहयोजित व्यक्तियों के विरूद्ध यथा प्रकरण, विधिक आपराधिक कार्रवाई भी शामिल है।

परंतु यह और भी कि, यदि कोई तकनीकी संस्था इन विनियमों के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करती है, तो परिषद् ऐसी जांच करके, जो यह उपयुक्त समझे तथा संबंधित तकनीकी संस्था को मामले को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान करने के पश्चात, नीचे निर्दिष्ट, यथा प्रकरण, कोई एक अथवा सभी कार्रवाईयां कर सकेगी :–

12. **विनियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई**

12.1 **अनुमोदन के विस्तार के लिए अधूरे आवेदन प्रस्तुत किया जाना/आवेदन प्रस्तुत न किया जाना**

परिषद् द्वारा अनुमोदन करने हेतु तकनीकी संस्थाएं, निर्धारित प्रपत्र पर संलग्नकों सहित, अभातशिप के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रत्येक वर्ष आवेदन प्रस्तुत करेंगी, चाहे उन्हें किसी कार्यक्रम/पाठ्यक्रम के लिए एक वर्ष से अधिक का भी अनुमोदन में विस्तार दिया जा चुका हो। ऐसे आवेदनों की प्राप्ति की विलंब शुल्क (लेट फीस) के साथ अथवा बिना विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि अनुसूची में दिये गये अनुसार होगी।

अनुमोदन के लिए अधूरे आवेदन प्रस्तुत किये जाने/आवेदन प्रस्तुत न किये जाने पर संस्था के विरूद्ध उपयुक्त दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में संस्था परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक की दायी होगी :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए अतिरिक्त सीटों के लिए अनुमोदन का निलम्बन
2. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए परंपरागत और/अथवा मिश्रित अधिगम पद्धति में एक/अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमिशन) स्थिति
3. किसी भी पद्धति के कार्यक्रम/पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन वापस लेना
4. संस्था के अनुमोदन को वापस लेना

12.2 **अधिक प्रवेष**

किसी भी परिस्थिति में स्वीकृत सीट संख्या से अधिक प्रवेश देने की अनुमति नहीं होगी। यदि संस्था द्वारा अधिक प्रवेश की सूचना दी जाती है/परिषद् द्वारा यह पाया जाता है, तो संस्था के विरूद्ध उपयुक्त दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में संस्था परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक की दायी होगी :–

1. प्रत्येक अधिक प्रवेश के लिए प्रति छात्र वसूले गये कुल अधिक प्रवेश शुल्क (फीस) का पांच गुणा
2. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए परंपरागत/मिश्रित अधिगम पद्धति में एक/अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमिशन) स्थिति
3. किसी भी पद्धति के कार्यक्रम/पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन वापस लेना
4. संस्था के अनुमोदन को वापस लेना

12.3 **अर्हक प्राचार्य/निदेशक की अपेक्षा की पूर्ति न किया जाना**

ऐसी संस्था, जिनके पास 18 माह से अधिक की अवधि के लिए पद के लिए यथानिर्धारित अर्हता के अनुसार प्राचार्य/निदेशक नहीं होंगे, उनके विरूद्ध परिषद् द्वारा निम्नलिखित दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी :–

- एक शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रवेश नहीं (नो एडमिशन) स्थिति

9846 GI/13-3

12.4 संकाय : छात्र अनुपात की पूर्ति न होना, शिक्षण स्टाफ के लिए निर्दिष्ट वेतनमानों और/अथवा अर्हताओं का अनुपालन न किया जाना

ऐसी संस्थाएं, जो 18 माह से अधिक के लिए यथानिर्दिष्ट संकाय : छात्र अनुपात का अनुरक्षण नहीं कर रही हैं, शिक्षण स्टाफ के लिए निर्दिष्ट वेतनमानों और/अथवा अर्हताओं का अनुपालन नहीं कर रही हैं, वे परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक की दायी होंगी :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए मिश्रित अधिगम पद्धति में संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमीशन) स्थिति
2. मिश्रित अधिगम पद्धति में संबंधित पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन वापस लेना
3. संस्था के अनुमोदन को वापस लेना

12.5 कम्प्यूटर, सॉफ्टवेयर, इंटरनेट, प्रिंटरों, प्रयोगशाला उपस्करों, पुस्तकों, जर्नलों, पुस्तकालय सुविधाओं की अपेक्षाओं की पूर्ति न किया जाना

जो संस्थाएं, यथानिर्दिष्ट कम्प्यूटर, सॉफ्टवेयर, इंटरनेट, प्रिंटरों, प्रयोगशाला उपस्करों, पुस्तकों, जर्नलों एवं पुस्तकालय सुविधाओं की पूर्ति नहीं करेंगी, वे परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक की दायी होंगी :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए मिश्रित अधिगम पद्धति में संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमीशन) स्थिति
2. मिश्रित अधिगम पद्धति में संबंधित पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन वापस लेना
3. संस्था के अनुमोदन को वापस लेना

12.6 तकनीकी संस्था के लिए अतिरिक्त अनिवार्य अपेक्षाओं की पूर्ति न किया जाना

जो संस्थाएं निर्दिष्ट अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं करेंगी, वे परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक की दायी होंगी :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमीशन) स्थिति

12.7 निर्मित क्षेत्र की पूर्ति न करना

जो संस्थाएं, निर्दिष्ट निर्मित क्षेत्र की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं करेंगी, वे परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक की दायी होंगी :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमीशन) स्थिति
2. कार्यक्रम/पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन वापस लेना
3. संस्था के अनुमोदन को वापस लेना।

12.8 धन–वापसी के मामले

प्रवेश के रद्द होने पर फीस की वापसी के बारे में अभातशिप के दिशा–निर्देशों का पालन न करने वाली अथवा धन–वापसी में देरी करने वाली संस्थाएं, परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक की दायी होंगी :–

1. शुल्क (फीस) की वापसी न करने के प्रत्येक मामले के लिए प्रति छात्र से वसूले गए कुल शुल्क के दो गुणा के समकक्ष का जुर्माना उद्ग्रहित किया जाएगा
2. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमिशन) स्थिति
3. कार्यक्रम/पाठ्यक्रम हेतु अनुमोदन की वापसी

डॉ. के. पी. आइजैक, सदस्य सचिव

[विज्ञापन III/4/असाधारण/162/13]

IndiaCode

ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th June, 2013

All India Council for Technical Education (Grant of Approvals for Technical Education in Blended Learning Mode) Regulations, 2013

F. No. 37-3/Legal/AICTE/2013.—In exercise of its powers conferred under sub-section(1) of Section 23 read with Section10 and Section 11 of the All India Council for Technical Education Act, 1987 (52 of 1987) grant of approval for starting new technical Institutions and existing technical Institutions for the conduct of Technical Education in Blended Learning Mode, the All India Council for Technical Education makes the following Regulations :

1			**Short Title , Application and Commencement:**
	1.1		These Regulations may be called the All India Council for Technical Education (Grant of Approvals for Technical Education in Blended Learning Mode) Regulations, 2013.
	1.2		They shall apply to Institutions conducting and/or intending to conduct technical education in Blended Learning Mode (BLM) and such other programs and areas as notified by the Council from time to time.
	1.3		They shall come into force with effect from the date of their publication in the Official Gazette.
2			**Definitions:** In these Regulations , unless the context otherwise requires
	2.1		"Academic year" means Academic Year of the concerned affiliating University and/or technical Institution.
	2.2		"Act" means the All India Council for Technical Education Act, 1987 (52 of 1987).
	2.3		"AICTE web-portal" means web site hosted by the Council at URL www.aicte-india.org.
	2.4		"Applicant" means an applicant that makes an application to the Council for seeking any kind of approval under these Regulations.
	2.5		"Approved Institution" means the Institute approved by Council.
	2.6		"Blended Learning Mode" means activities of delivering part of classroom learning through ODL Mode and Laboratory, Practical and workshop etc through conventional regular mode where presence of students at the Institute and giving examination is essential and are meant only for working professionals with certain minimum work experience.
